तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हरिकिशन नारधाना** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353615839248890	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/03/26	अपीलार्थी हरिकिशन नारधाना निवासी नारधानों का बेरा, नारवा खिचियानं, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 08.01.2026 ग्राम पंचायत नारवा खिचियानं से संबंधित विगत 6 वित्तीय वर्ष में स्वीकृतियां, व्यय राशि मोनेटरिंग व रिकार्डस् (विकास कार्य/निर्माण कार्यो एवं वित्तीय स्थिति) से संबंधित दस्तावेज व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 301 दिनांक 04.03.2026 द्वारा अवगत करवाया कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना कार्यालय हाजा से संबंधित नहीं होने के कारण सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत कार्यालय के पत्र दिनांक 13.01.2026 द्वारा संबंधित कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् जोधपुर को प्रेषित करते हुए प्रति अपीलार्थी को भी पृष्ठांकित की जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.17 12:49:15 IST
Reason: Approved